राज्य निर्वाचन आयोग,
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR**

पत्रांक – न0नि0–50–48 / 2025

प्रेषक,

संजय कुमार, (भा0प्र0से0)
विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग।

सेवा में,

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–जिला पदाधिकारी, पटना।

पटना, दिनांक –

विषयः– नगर परिषद, फुलवारीशरीफ एवं नगर परिषद, दानापुर निजामत के वार्ड गठन / परिसीमन के संदर्भ में प्राधिकृत पदाधिकारियों को आयोग कार्यालय में प्रतिनियुक्त करने के संबंध में।

प्रसंगः– जिला पदाधिकारी, पटना का आदेश ज्ञापांक–7495, दिनांक–04.12.2025 एवं ज्ञापांक–7496, दिनांक–04.12.2025 तथा आयोग का पत्रांक–4432, दिनांक–02.12.2025 एवं पत्रांक–4431, दिनांक–02.12.2025

महाशय,

उर्पयुक्त विषयक आयोग के प्रासंगिक पत्र द्वारा नगर परिषद, फुलवारीशरीफ एवं नगर परिषद, दानापुर निजामत के वार्ड गठन / परिसीमन के संदर्भ में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गए हैं। उक्त नगर निकायों के वार्ड गठन / परिसीमन के निमित्त नगर परिषद, फुलवारीशरीफ हेतु भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, पटना सदर एवं नगर परिषद, दानापुर निजामत हेतु भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, दानापुर को प्राधिकृत किया गया है।

ज्ञातव्य हो कि वार्ड गठन / परिसीमन के क्रम में मात्र सूचक के रूप में संबंधित क्षेत्र के मतदाताओं को भी संबंधित वार्ड के साथ टैग करते हुए उसकी प्रविष्टि आयोग के पोर्टल पर किया जाना है।

**प्राधिकृत पदाधिकारियों द्वारा वार्ड गठन / परिसीमन से संबंधित किये जा रहे कार्यों के संदर्भ में आयोग कार्यालय में दिनांक–18.12.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे अद्यतन कार्यों की समीक्षा की जाएगी।**

निदेशानुसार अनुरोध है कि निर्धारित तिथि एवं समय को दोनों नगर निकायों के प्राधिकृत पदाधिकारी, 01 पर्यवेक्षकीय पदाधिकारी तथा 02 मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारी (संबंधित नगर निकाय में कार्यरत) को आयोग कार्यालय में प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन
ह0 / –

विशेष कार्य पदाधिकारी

ज्ञापांक – न0नि0–50–48 / 2025 4587 पटना, दिनांक – 17.12.2025

प्रतिलिपिः–भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, पटना सदर एवं भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, दानापुर को सूचनार्थ एवं निदेश दिया जाता है कि के ससमय अपनी टीम के साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

17/12/25

विशेष कार्य पदाधिकारी

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna-800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612-2507847 E-mail : secbihar@gmail.com
E:\dhiru\Shiv Bpro\WArd Gathan Letter\Letter.docx